# मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज

## षोडश वार्षिक दीक्षान्त समारोह (02 नवम्बर 2019)

### पूर्व–दीक्षान्त समारोह प्रेस–वार्ता, दिनांक : 01 नवम्बर 2019

### प्रेस विज्ञप्ति

मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज का षोडश वार्षिक दीक्षान्त समारोह–2019, दिनांक 02 नवम्बर 2019 को संस्थान के बहुउद्देशीय सभागार (एम.पी. हाल) में आयोजित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह 2019 के पूर्व आयोजित प्रेसवार्ता के अवसर पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो0 राजीव त्रिपाठी ने संस्थान की दूरदर्शिता और उपलब्धियों को विस्तार से बताया। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं संस्थान के 1980 बैच के विद्युत अभियान्त्रिकी विभाग के पुरा छात्र श्री विनोद कुमार यादव होंगे। प्रो0 त्रिपाठी के अनुसार संस्थान बुनियादी ढांचे के विकास में प्रमुख पहल के साथ–साथ शिक्षण एवं अनुसंधान में उत्कृष्टता के शैक्षिक प्रयास में भी अग्रणी हैं। इस दीक्षान्त समरोह में 860 बी.टेक, 304 एम.टेक, 85 एम.सी.ए., 36 एम.बी.ए, 12 एम.एस.सी. तथा 51 पी.एच.डी. (कुल 1348) छात्र–छात्राओं को विभिन्न विषयों में डिग्री प्रदान की जायेगी।

इन डिग्री प्राप्त करने वाले स्नातकों में 89 विदेशी छात्र हैं जिन्होंने 'डासा' के माध्यम से संस्थान में प्रवेश प्राप्त किया था। इसके साथ ही संस्थान में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के माध्यम से प्रवेश प्राप्त 04 विदेशी छात्रों को भी डिग्री प्रदान की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि दीक्षान्त समारोह में स्नातकोत्तर छात्रों को 30 स्वर्ण पदक, स्नातक छात्रों को 15 तथा 31 स्वर्ण पदक प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रमों के श्रेष्ठ छात्रों को दिये जायेगे। यह प्रायोजित पदक संकाय, पूर्व छात्रों एवं उद्योगों द्वारा प्रदान किये जाते हैं। संस्थान में सभी ब्रान्च के टॉपर बी.टेक इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के श्री तुषार बालियान को इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा।

कुल 1348 डिग्री प्राप्त करने वालों में 213 महिला छात्रों को डिग्री दी जाएगी। प्रोफेसर राजीव त्रिपाठी ने संस्थान की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ 1000 छात्रों की क्षमता वाले बालक छात्रावास तथा 350 छात्राओं की क्षमता वाले बालिका छात्रावास का निर्माण लगभग अन्तिम चरण में है। इसके अतिरिक्त, अंडरपास जैसी विशेष बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है जो शैक्षणिक परिसर को आवासीय परिसर से जोड़ेगा है। यह सभी छात्रों और कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा और उन्हें परिसर में असुविधा मुक्त आवागमन प्रदान करेगा। दिव्यांग और विशेष जरूरतों वाले छात्र हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं और उनके लिए परिसर को अनुकूल बनाने के लिए, परिसर के भीतर विभिन्न भवनों में लिफ्टों को स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। कैंपस में सभी उपयोगकर्ताओं को चौबीसों घंटे हाई–स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एक केंद्रीकृत वाई–फाई परिसर परियोजना प्रगति पर है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संकाय की नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया के दो चरण पूरे हो चुके हैं, तीसरा चरण की प्रक्रिया प्रगति पर है। वर्तमान संकाय की संख्या 223 है, जो शिक्षण, अनुसंधान

और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल हैं। संस्थान अपनी उच्च तकनीकी व्यवस्थाओं के कारण निरंतर प्रगति कर रहा है। इसके अलावा बाह्य छात्रों को प्रशिक्षित करने तथा उनकी गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए संस्थान के विभिन्न विभागों की ओर से अल्प अवधि वाले प्रशिक्षण कार्यशालाओं एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन भी किया गया है। संस्थान के कुछ प्रतिभाशाली टेक्नोक्रेट्स ने अनोखी पहल की है, जिसका मुख्य उद्देश्य संस्थान के आस पास के क्षेत्रों में रहने वाले गरीब बच्चों को पढ़ाना है। ये टेक्नोक्रेट्स पिछले कई वर्षों से आस पास के गरीब बच्चों को संस्थान में बुलाते हैं, कापी, किताब, पेन, पेन्सिल, इत्यादि निःशुल्क देते हैं तथा आयोजित करी गई प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करते हैं। विगत 1–2 वर्षों में संस्थान के 19 पुरा छात्रों ने देश के सर्वोच्च भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई0ए0एस0) तथा अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा (आई0ई0एस0) में चयनित होकर संस्थान का नाम रौशन किया। स्नातक छात्रों के लिए लगभग 296 कम्पनियां एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 76 कम्पनियां सेवायोजन के लिए एम.एन.एन.आई.टी इलाहाबाद में आयी। वर्तमान सत्र में लगभग 93 प्रतिशत छात्रों को संस्थान के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अनुभाग के माध्यम से नौकरी मिली है तथा रु0 36 लाख का उच्चतम वार्षिक पैकेज प्राप्त हुआ है।

उक्त प्रेस वार्ता में प्रो0 आर0के0 सिंह अधिष्ठाता शैक्षणिक, प्रो0 आर0एस0यादव, संयोजक मुद्रण एवं प्रेस प्रचार समिति, डॉ0 सर्वेश तिवारी, कुलसचिव, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं डीन सहित दीक्षान्त समारोह समन्वय समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।